आंदोलन | 15 जून के बाद खदान बंद कराने की चेतावनी, संयुक्त किसान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

खदान परियोजना के खिलाफ किसानों का आंदोलन तेज

▶ 18 जून की पर्यावरण जनसुनवाई का सामूहिक विरोध करने का ऐलान

नवभारत, धनपुरी। ग्राम पंचायत रामपुर में संयुक्त किसान संघर्ष समिति एवं रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना प्रभावित जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा की तथा आंदोलन को और अधिक व्यापक बनाने का निर्णय लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने कहा कि लंबे समय से परियोजना प्रभावित किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। विस्थापन, मुआवजा, रोजगार, पर्यावरणीय प्रभाव एवं अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

बैठक में जनपद सदस्य एवं वन समिति सभापति चंद्रकुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा, ग्राम पंचायत रामपुर की सरपंच श्रीमती परेमियां, उपसरपंच राजाराम मिश्रा, पूर्व सरपंच झोले बैगा, पूर्व सरपंच प्रमोद बैगा, पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पंच, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके अलावा अतारिया, बिछिया, खैरबना और खाड़ा ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया और किसानों के आंदोलन को समर्थन देने का आश्वासन दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन से मुलाकात कर परियोजना प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 15 जून तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 15 जून के बाद किसी भी दिन कंपनी के कार्यों एवं संपूर्ण खदान संचालन को बंद कराने के लिए व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। वहीं 18 जून को प्रस्तावित पर्यावरणीय जनसुनवाई तथा 4 एमटी से 6 एमटी क्षमता विस्तार से संबंधित बैठक का भी सामूहिक रूप से विरोध करने का निर्णय लिया गया।

आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक किसानों और प्रभावित परिवारों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक किसी भी विस्तार योजना को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, किसान नेताओं और ग्रामीणों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता अपनी नाराजगी संगठित और लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन एवं कंपनी प्रबंधन के समक्ष मजबूती से रखेगी तथा किसानों के अधिकारों की लड़ाई अंतिम निर्णय तक जारी रहेगी।

प्रार्थना सभा के निर्देश बेअसर, बड़ी संख्या में अधिकारी रहते हैं नदारद

नवभारत,धनपुरी । एसईसीएल के सोहागपुर एरिया मुख्यालय में प्रतिदिन सुबह आयोजित होने वाली प्रार्थना सभा को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। पिछले कई वर्षों से एरिया मुख्यालय में कार्य संस्कृति, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ की जाती रही है। एरिया प्रबंधन द्वारा समय-समय पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश भी दिए गए हैं, लेकिन जमीनी स्थिति इन निर्देशों के विपरीत दिखाई दे रही है। सूत्रों और प्रतिदिन देखी जा रही व्यवस्थाओं के अनुसार, प्रार्थना सभा के निर्धारित समय पर बड़ी संख्या में अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचते हैं और न ही सभा में शामिल होते हैं। परिणामस्वरूप प्रार्थना स्थल पर केवल कुछ अधिकारी और कर्मचारी ही उपस्थित दिखाई देते हैं। इससे न केवल प्रबंधन के निर्देशों की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि कार्यालयीन अनुशासन को लेकर भी चर्चा का विषय बन गया है। गौरतलब है कि महाप्रबंधक बी.के. जेना ने अपने कार्यकाल के दौरान स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि एरिया मुख्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिदिन आयोजित होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल होना चाहिए।

बेतवा एक्सप्रेस में 7 लाख के जेवर चोरी का खुलासा

▶ अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्य समेत तीन गिरफ्तार

नवभारत, शहडोल। चलती बेतवा एक्सप्रेस में महिला यात्री के पर्स से लाखों रुपये के जेवरात चोरी करने वाले शातिर चोरों को आखिरकार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गिरफ्तार कर लिया। करीब 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी के इस चर्चित मामले में आरपीएफने अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों सहित चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपी को भी दबोच लिया है। लंबी जांच, तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए अधिकांश जेवरात बरामद कर लिए हैं।

जानकारी के अनुसार 11 मई 2026 को छत्तीसगढ़ के दुर्ग निवासी रवि प्रताप सिंह अपने परिवार के साथ ट्रेन क्रमांक 18204 बेतवा एक्सप्रेस से कानपुर से रायपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान कटनी स्टेशन के बाद उनकी पत्नी का लेडीज पर्स चोरी हो गया। पर्स में सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई गई।

घटना की शिकायत पर जीआरपी शहडोल ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरपीएफद्वारा गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। जांच में पता चला कि दोनों आरोपी उमरिया स्टेशन पर उतरकर बस से शहडोल पहुंचे और वहां से ट्रेन के जरिए कानपुर रवाना हो गए।तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी साक्ष्यों के आधार पर आरपीएफटीम ने मुख्य आरोपी विनय प्रणामी को कानपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी प्रमोद कुमार यादव के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि दोनों आरोपियों ने चोरी के आभूषण कानपुर निवासी हरिओम गुप्ता को करीब 6.35 लाख रुपये में बेच दिए थे। पूछताछ में हरिओम गुप्ता ने बताया कि उसने खरीदे गए आभूषणों को गलाकर आगे बेच दिया है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है।बुधवार दोपहर आरपीएफ ने मामले का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को शहडोल लाकर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। मामले में आगे की जांच जारी है। इस पूरी कार्रवाई में आरपीएफशहडोल, उमरिया चौकी तथा आरपीएफ क्राइम ब्रांच बिलासपुर की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

▶ मवेशी बांधते समय हुआ हादसा

नवभारत, शहडोल। जिले में लगातार बदल रहे मौसम के बीच आकाशीय बिजली गिरने की एक दर्दनाक घटना सामने आई है। सोहागपुर थाना क्षेत्र के बडखेरा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बडखेरा निवासी धन्नू पाव (50 वर्ष) पिता लेगरा पाव अपने घर के पास मवेशियों को पेड़ के निकट बांध रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। मौसम खराब होने के बीच अचानक आकाशीय बिजली उसी स्थान के आसपास गिर गई, जिसकी चपेट में धन्नू आ गए। बिजली गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सोहागपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।इधर जिले में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। शाम होते ही तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो रही है, वहीं कई क्षेत्रों में गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। हालांकि बारिश के बाद निकल रही तेज धूप और बढ़ी उमस लोगों की परेशानी का कारण बनी हुई है। मौसम विभाग और प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम, गरज-चमक और बिजली कड़कने के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों के पास खड़े न होने की सलाह दी है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

बालिका संप्रेक्षण गृह में विशेष प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत, शहडोल। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बालिका संप्रेक्षण गृह शहडोल में बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से विशेष योग प्रशिक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य वर्षा तनेजा ने बालिकाओं को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए स्वस्थ जीवन के गुर सिखाए। सहायक संचालक संजीता भगत ने बताया कि बढ़ते तनाव और अनियमित जीवनशैली के बीच बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना समय की आवश्यकता है। योगाचार्य ने योग को भारत की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक शांति, आत्मविश्वास और एकाग्रता में वृद्धि होती है।

पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय ने मनाया गौरव दिवस

नवभारत,शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल का 9वाँ स्थापना दिवस उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने पंडित शंभूनाथ शुक्ला की प्रतिमा तथा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अल्प समय में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक दायित्वों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम न मानकर ज्ञान, चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा आधारित शिक्षा, अनुसंधान संस्कृति और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देकर विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार कर रहा है। कुलगुरु ने विश्वविद्यालय के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ऐसे संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और आने वाले वर्षों में उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करेगा।कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. प्रमोद पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, कुलगीत एवं लोकगीतों ने आयोजन को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा और विश्वविद्यालय की गौरवशाली पहचान को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ. संजीव द्विवेदी, शिवांश दुबे, कृष्णा साहू, वर्तिका सेन, साक्षी एवं अन्य विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों का मन मोह लिया।इस अवसर पर परिसर प्रभारी प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. बृजेन्द्र पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जल संकट पर सक्रिय हुआ नगर प्रशासन

▶ अध्यक्ष व नवागत सीएमओ ने किया निरीक्षण

नवभारत, शहडोल। नगर में बढ़ती जल समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों एवं नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, नवागत सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर, सभापति आशुतोष यादव एवं जनप्रतिनिधि सिल्लू रजक मौजूद रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण कर समस्या के कारणों की जानकारी ली और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नागरिकों को पेयजल संकट से राहत दिलाना नगर प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी।इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पानी की कमी से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं।

अमलाई में कानून बेबस या माफिया को सत्ता का संरक्षण

'नाबालिग तक नशे की गिरफ्त में, महिलाएं असुरक्षित

अमलाई में अवैध शराब कारोबार पर फूटा जनाक्रोश

नवभारत, धनपुरी। कोयलाँचल शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार अब कानून और प्रशासन के लिए खुली चुनौती बन चुका है। गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले खुलेआम शराब की पैकारी और खपत ने पूरे क्षेत्र के सामाजिक वातावरण को विषाक्त कर दिया है। हालात इतने भयावह बताए जा रहे हैं कि अब नाबालिग बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आने लगे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और सभ्रांत परिवारों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। इस गंभीर स्थिति को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार एवं मंडलम कांग्रेस अमलाई ने मोर्चा खोलते हुए अमलाई पुलिस और आबकारी विभाग को तीखी चेतावनी दी है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह एवं अमलाई मंडलम अध्यक्ष ओंकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न कानून का भय है और न पुलिस कार्रवाई की चिंता। इससे आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में उन स्थानों का भी उल्लेख किया गया है, जहाँ खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने का आरोप लगाया गया है। इनमें धनपुरी वार्ड क्रमांक 10 का टंडन मोहल्ला अमराउण्डी, वार्ड क्रमांक 7 की छोटी अमलाई एवं बकहो क्षेत्र, रावल मार्केट, चौधरी मोहल्ला, पीपल चौक, दुर्गा स्टेज के पीछे तथा वार्ड क्रमांक 1 में शंकर मंदिर के सामने का क्षेत्र प्रमुख रूप से शामिल हैं। आरोप है कि इन इलाकों में दिन-रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और पुलिस सब कुछ जानते हुए भी मौन बनी हुई है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि शराब के नशे में धुत लोग सार्वजनिक स्थानों पर अभद्रता करते हैं, महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां कसते हैं तथा आए दिन गाली-गलौज और विवाद की घटनाएं सामने आती हैं। माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि मोहल्लों का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है।

लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में किसी बड़ी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अवैध शराब के इस नेटवर्क पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी सैकड़ों कार्यकर्ताओं और महिलाओं के साथ उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अमलाई थाने का घेराव किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक शहडोल एवं एसडीओपी बुढ़ार को भी भेजी गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या पुलिस प्रशासन इस चेतावनी के बाद जागेगा, या फिर अवैध शराब माफियाओं का यह काला कारोबार यूँ ही प्रशासनिक संरक्षण में चलता रहेगा।

प्लास्टिक बोतलों से होगी पौधों की सिंचाई

▶ 30 हजार से अधिक बोतलों का पुन: उपयोग, विश्व पर्यावरण दिवस पर जनभागीदारी का आह्वान

नवभारत,शहडोल। पर्यावरण संरक्षण और जल बचत को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। उन्होंने आमजन, अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि कार्यालयों और घरों में उपयोग होने वाली प्लास्टिक की बोतलों को कचरे में फेंकने के बजाय उनका पुन: उपयोग पौधों की ड्रिप सिंचाई के लिए करें। कलेक्टर ने कहा कि प्लास्टिक कचरे को कम करने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बॉटल ड्रिप मॉडल एक सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय है। इस मॉडल के माध्यम से पौधों को आवश्यकता अनुसार बूंद-बूंद पानी उपलब्ध कराया जा सकता है, जिससे पानी की बचत के साथ पौधों का बेहतर संरक्षण भी संभव है। जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब तक 30 हजार से अधिक प्लास्टिक बोतलों का पुन: उपयोग कर उन्हें ड्रिप सिंचाई प्रणाली में लगाया जा चुका है। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के सतत उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है।बॉटल ड्रिप मॉडल के तहत छोटे गमलों और क्यारियों में बोतल के ढक्कन में सूक्ष्म छेद कर पानी से भरी बोतल को उल्टा गाड़ा जाता है, जबकि बड़े पौधों के लिए बोतल के किनारों में छोटे छेद कर उसे जड़ों के पास स्थापित किया जाता है।

सीएमओ का तबादला होते ही 'चाबी संग गायब' हुआ भृत्य

▶ भरत, नगर पालिका में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा



नवभारत,धनपुरी। नगर पालिका परिषद धनपुरी में उस समय अजीबोगरीब स्थिति निर्मित हो गई, जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के तबादले की खबर सामने आते ही उनके खासमखास माने जाने वाले भ्रत्य भरत ने कथित रूप से कार्यालय की चाबी लेकर ऐसा गायब हुआ कि पूरे कार्यालय में हड़कंप मच गया।

सूत्रों के अनुसार, वर्षों से 'ईमानदारी' और 'कर्तव्यनिष्ठा' का मुखौटा ओढ़े घूमने वाले भरत की असली बेचैनी उस वक्त सामने आ गई, जब सीएमओ मैडम के स्थानांतरण की सूचना मिली। बताया जाता है कि नए अधिकारी के आगमन के बाद उन्हें कार्यालय में प्रवेश के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, क्योंकि चेंबर की चाबी भ्रत्य भरत अपने साथ लेकर फरार हो चुका था। नगर पालिका के गलियारों में चर्चा है कि सीएमओ चेंबर में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं सामान मौजूद थे, जिनकी वजह से कर्मचारियों की चिंता और बढ़ गई। काफी मशक्कत और खोजबीन के बाद जिम्मेदार कर्मचारियों ने भरत को ढूंढ निकाला और समझाइश देकर कार्यालय खुलवाया। तब जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। नगरपालिका कर्मियों के बीच भरत की पहचान एक ऐसे कर्मचारी के रूप में बताई जाती रही है, जो काम से ज्यादा 'चुगलखोरी विभाग' संभालने में सक्रिय रहता था। कर्मचारियों के बीच कानाफूसी है कि बीते समय में उसने कई कर्मचारियों की शिकायतें सीएमओ तक पहुंचाकर खुद को खास साबित करने का प्रयास किया। यही कारण है कि अब सीएमओ के जाते ही भरत खुद कर्मचारियों से नजरें चुराता फिर रहा है। चर्चा तो यहां तक है कि जो भरत कल तक 'मैडम का सबसे भरोसेमंद सिपहसालार' बनकर दफ्तर में रौब झाड़ता था, वही आज कार्यालय के कोनों में दुबककर अपनी खैर मना रहा है। कर्मचारियों के बीच यह तंज भी सुनाई दे रहा है कि 'जिसने वर्षों तक दूसरों की चुगली कर कुर्सी की मलाई खाई, अब उसे अपने ही कारनामों का हिसाब याद आने लगा है।' फिलहाल यह घटनाक्रम नगर पालिका धनपुरी में दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। वहीं कर्मचारी वर्ग इसे प्रशासनिक अनुशासन पर प्रश्नचिह्न मानते हुए ऐसे व्यवहार को सरकारी कार्यप्रणाली के लिए शर्मनाक बता रहा है।

उर्स | उर्स में दिखा कौमी एकता, प्रेम, सद्भाव और सूफियाना संस्कृति का अनुपम संगम

बाबा मकबूल शाह का उर्स श्रद्धा और अकीदत के साथ सम्पन्न

नवभारत, खैराहा। हज़रत बाबा मकबूल शाह रह. अलै. के 83वें उर्स मुबारक के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन श्रद्धा, अकीदत, प्रेम, भाईचारे और कौमी एकता के अद्वितीय वातावरण में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। खैरहा की पावन धरती पर आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन में शहडोल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं दूर-दराज़ क्षेत्रों से हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत कर बाबा की दरगाह पर हाजिरी दी तथा अमन, चैन, खुशहाली और भाईचारे के साथ देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगीं।

उर्स के दौरान पूरा आयोजन स्थल जनसैलाब से खचाखच भरा रहा। विशेष रूप से कव्वाली की महफ़िलों में उमड़ी भारी भीड़ ने इस आयोजन की बढ़ती लोकप्रियता और जनआस्था को एक बार फिर प्रमाणित किया। समापन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कव्वाल रईस अनीस साबरी एवं मशहूर कव्वाला शाहीन सबा भारती ने अपनी रूहानी, सूफियाना और कौमी एकता से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों से पूरी फिज़ा को मोहब्बत और इंसानियत के रंग में रंग दिया। उनके कलामों ने उपस्थित जनसमूह को देर रात तक मंत्रमुग्ध और भावविभोर बनाए रखा।

जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि बुजुर्गों के आस्ताने सदैव प्रेम, करुणा, सहिष्णुता और इंसानियत के केंद्र रहे हैं और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी सम्मान, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर उर्स से विगत 75 वर्षों से निरंतर जुड़े रह कर अपनी सेवाएं और सहभागिता प्रदान करने वाले अधिवक्ता अजीत कुमार शुक्ला का जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान द्वारा अपने विशेष कलाम की प्रस्तुति से सम्मान किया गया, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत करते हुए उनकी बहुत सराहना की। स्पेशल ब्लास्ट कंपनी के डायरेक्टर राजीव सिंह और जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा ने कहा कि खैरहा का यह उर्स केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान उर्स में 75 वर्षों की सहभागिता पूर्ण करने पर एडवोकेट अजीत शुक्ला की डायमंड जुबली में उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

उर्स के सफल आयोजन में उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद अहमद, उपाध्यक्ष अख्तर रज़ा, सचिव मोहम्मद इम्तियाज, सरपरस्त हाजी राशिद कादरी, हाजी अखलाक खान, शेर खान 'शेरू', राजा भैया रघुनंदन सिंह, अजीत कुमार शुक्ला एडवोकेट, रोहित पांडे, , भूपेश शर्मा, अजय अवस्थी, नन्नू सिंह,तनवीर अहमद, शहजाद,इकबाल अहमद, मुबीन, निसार, नूर मोहम्मद सहित अनेक गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर उर्स कमेटी ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों, सहयोग कर्ताओं एवं दूर-दराज़ से पधारे अकीदतमंदों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। चादरपोशी, फातिहा, कुल शरीफ, लंगर एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के साथ सम्पन्न हुआ यह उर्स मुबारक प्रेम, सद्भाव, कौमी एकता, आध्यात्मिक चेतना और भारतीय गंगा-जमुनी तहज़ीब की ऐसी अनुपम मिसाल बन गया, जिसकी स्मृतियां लंबे समय तक जनमानस में जीवंत रहेंगी।